राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

प.14(45)(3)/RSMSSB/ अर्थना/त.शि./कनि.अनु./पात्रता जांच/2018/845 दिनांक 15.09.2022

–:: कार्यालय आदेश ::–

कनिष्ठ अनुदेशक(कार्यशाला गणना एवं विज्ञान) सीधी भर्ती–2018

बोर्ड द्वारा कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता(प्राविधिक शिक्षा प्रशिक्षण) विभाग, राजस्थान के लिए कनिष्ठ अनुदेशक (कार्यशाला गणना एवं विज्ञान) के 43 पदो पर भर्ती हेतु दिनांक 06.04.2022 को संशोधित विज्ञापन जारी किया गया। उक्त पदों पर बोर्ड द्वारा दिनांक 10.09.2022 को परीक्षा आयोजित करवाई गई है। इस भर्ती में ऑनलाईन आवेदन में संशोधन करने हेतु **दिनांक 17.09.2022 से दिनांक 26.09.2022** को 23.59 बजे तक अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। **अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में CITS के प्राप्तांक/पूर्णांक/प्रतिशत, श्रेणी, विशेष श्रेणी, उप श्रेणी, एवं वैवाहिक स्थिति आदि में निर्धारित रूपये 300/– का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे।** आवेदक स्वयं के नाम, माता/पिता के नाम, पते, शैक्षणिक योग्यता, जन्म तिथि, लिंग फोटो एवं हस्ताक्षर में संशोधन नहीं कर सकेंगे। आवेदक के नाम, आवेदक के माता/पिता के नाम, जन्म तिथि, लिंग, पते, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में त्रुटिपूर्ण सूचनाओं के संशोधन हेतु (चयन होने की स्थिति में) दस्तावेज सत्यापन के समय ही विचार किया जाएगा। उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में कोई ऑफलाईन प्रार्थना पत्र संशोधन हेतु स्वीकार नहीं किये जायेगें।

(सुनील पूनियाँ)
सचिव